HHR16-1-1 HI

# सब वि·ा◌ास यों के रैप्चर के बारे में बाइबल की केस - प्रोग्राम 1

**अनाऊंसर:** आज द जॉन एन्करबर्ग शो में, बाइबल कहती है कि भविष्य में तीन घटनाएँ होगी, जो संसार को हिला देगी, पहले तो लाखों लोग विना विवरण के गायब होगे, दूसरी बात, संसार के लीडरशिप की सामर्थ अमेरिका से हट जाएगी, और तीसरी बात कि संसार का लीडर खड़े होकर कहेगा, कि वो संसार में स्थिरता और शान्ति लाएगा/ ये क्यों होगा? बाइबल कहती है, क्योंकि प्रभु आप ही स्वर्ग से उतरेगा, और जो मसीह में मरे हैं, वे पहले जी उठेंगे, और हम जो जीवित और बचे रहेंगे उनके साथ बादलों पर उठा लिए जाएंगे, रैपचर होगे, कि हवा में प्रभु से मिले और इस रीती से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे/ जब ये सामर्थी घटना होगी, तो केवल अविश्वासियों को पृथ्वी पर छोड़ दिया जाएगा/

और आज मैंने हमारे देश के भविष्यवाणी के तीन महान विद्वानों को न्योता दिया है, कि आपको सारे विश्वासियों के रैपचर की बात को समझाए, ये हैं डॉ. एड हिन्ड्सन, रावलिंग स्कुल ऑफ़ डिविनिटी के डीन, और लिबर्टी यूनिवर्सिटी के धार्मिक विभाग के प्रोफेसर हैं, ये वक्ता हैं द किंग ईज़ कमिंग टेलीकास्ट में, और इन्होने भविष्यवाणी पर 40 से भी ज्यादा किताबें लिखी हैं, और 5 स्टडी बाइबल के एडिटर के रूप में भी काम किया है, दूसरे हैं डॉ. मार्क हीचकॉक, जो डेलस थियोलोजीकल सेमनरी में बाइबल एक्सपोज़िशन के असोसिएट प्रोफेसर हैं, इन्होने बाइबल की भविष्यवाणीयों पर 30 किताबें लिखी हैं, और फेथ बाइबल चर्च के सीनियर पास्टर हैं, और तीसरे हैं डॉ. रॉन रोड्स, रीजनिंग फ्रॉम द स्क्रिप्चर मिनिस्ट्री के प्रेसिडेंट,और ये डेलस थियोलोजीकल सेमनरी में शिक्षक भी हैं, और इन्होने भविष्यवाणी पर 70 किताबें लिखी हैं/ हम आपको न्योता देते हैं कि स्पेशल प्रोग्राम में हमारे साथ जुड़ जाए, द जॉन एन्करबर्ग शो में/

*****

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** प्रोग्राम में स्वागत है, मैं जॉन एन्करबर्ग, मेरे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद, जानते हैं,

पिछले 30 दिनों में, 85 लाख लोगों ने हमारी सोशल मिडिया साईट के द्वारा हम से संपर्क किया है, और इन सब लोगों में से एक तिहाई लोगों ने इस विषय पर सवाल पूछे हैं जिस पर हम चर्चा करनेवाले हैं, ये यीशु मसीह की वापसी है और संसार में यहाँ पृथ्वी पर कौनसी घटनाए होगी, तो मैंने हमारे देश के 3 बहुत ही विद्वान् लोगों को न्योता दिया है, बाइबल की भविष्यवाणी के बारे में बताए कि ये हमें क्या बताती है, मेरे मेहमान हैं, डॉ. एड हाइन्डसन, डॉ. मार्क हिचकॉक, डॉ. रॉन रोड्स, इन तीन लोगों ने कुल 140 किताबें लिखी हैं, जो बाइबल की भविष्यवाणी के विषय पर हैं/

और दोस्तों मैं शुरू करना चाहता हूँ बाइबल के एक मुख्य वचन से जो यीशु की वापसी पर है, ठीक है, जो लोग घर में हैं मैं चाहता हूँ कि मैं चाहता हूँ कि आप ये वचन देखे, और देखे कि बाइबल क्या कहती है, कुछ भी कहने से पहले, ठीक है? पहला थिस्सलुनीकियों अध्याय 4 वचन 13 से 18 तक, प्रेरित पौलस थिस्सलुनीकी चर्च को लिखता है, और उसने ये कहा, उसने कहा, हे भाइयो, हम नही चाहते कि तुम उनके विषय में जो सोते हैं, अज्ञान रहो, ऐसा न हो कि तुम औरों की नाई शोक करो जिन्हें आशा नही, क्योंकि यदि हम प्रतीति करते हैं कि यीशु मरा, और जी भी उठा, तो वैसे ही परमेश्वर उन्हें भी जो यीशु में सो गए हैं उसी के साथ ले आएगा/ क्योंकि हम प्रभु के वचन के अनुसार तुम से यह कहते हैं कि हम जो जीवित हैं और प्रभु के आने तक बचे रहेंगे तो सोए हुओं से कभी आगे न बढ़ेंगे/

वो कहते है कि, क्योंकि प्रभु आप ही स्वर्ग से उतरेगा, उस समय ललकार और प्रधान दूतों का शब्द सुनाई देगा और परमेश्वर की तुरही फूंकी जाएगी, और जो मसीह में मरे हैं, वे पहले जी उठेंगे, और हम जो जीवित और बचे रहेंगे उनके साथ बादलों पर उठा लिए जाएंगे, रैपचर होगे, कि हवा में प्रभु से मिले और इस रीती से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे/ सो इन बातों से एक दूसरे को शान्ति दिया करो/

डॉ. एड हाइंडसन, इस वचन की पृष्टभूमि बताइए, थिस्सलुनीकियों का ये अद्‌भुत चर्च था, वो क्या जानते थे? और उनके सवाल क्या थे? और पौलुस क्या कह रहा था?

**डॉ. एड हाईन्डसन:** पोलुस वहां अपनी दूसरी मिशनरी यात्रा में आया था, उसने थिस्सलुनीकियों में केवल

तीन हफ्ते बिताए थे, सुसमाचार प्रचार किया, चर्च बनाया, और उन्हें बाइबल का सिद्धान्त सिखाया, जिसमे मसीह के दूसरे आगमन का सिद्धान्त भी है, और उसका भाग था कि यीशु उनके लिए वापस आएगा, सवाल ये

था कि इस बिच मरनेवाले लोगों का क्या? क्या वो दूसरे आगमन को चुक जाएँगे, क्या वो अनन्तकाल में बिना शरीर के रहेंगे? क्या वो दूसरे स्थर के नागरिक रहेंगे? क्या वो भविष्य में आने वाले पुन:मिलाप को चुक जाएँगे? उनके बारे में क्या जो बिच में मर गए, और उनके साथ में क्या होगा हमारे संबन्ध में?

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, मार्क जब ये कहते हैं कि जो सोए हैं उनके बारे में अनजान न रहो, इसका क्या अर्थ है? इसका क्या अर्थ है?

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** जी, बहुत से लोग इस विचार के साथ इसे गलत समझते हैं कि ये प्राण के बारे में कहता है, कि प्राण सो गया है, या बेहोश हो गया है, उस समय के बिच जब मरते हैं और प्रभु के आगमन तक, मैं सोचता हूँ कि बहुत से ऐसे वचन हैं जो बताते हैं कि प्राण नही सोता है, इस बिच के समय में/ दूसरा कुरिन्थियों 5:8 में, पौलुस कहता है कि शरीर में न होना तो प्रभु के साथ होना है, और फिलिप्पियों 1:23 कहता है कि मैं चाहता हूँ कि कूच कर मसीह के पास जाऊं जो कि बहुत अच्छा है/ याने जब मसीह में विश्वासी मरता है, उस व्यक्ति का अवास्तविक भाग याने प्राण और आत्मा, तुरन्त प्रभु के पास जाता है कि उसके साथ सचेत होकर संगती में रहे/ और सोना शरीर के बारे में कहता है, शरीर सोते हुए कब्र में प्रभु के आगमन की राह देखता है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, कहता है कि शरीर का भविष्य है/

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** बिलकुल सही/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** ठीक है, अब ये आगे कहता है कि जो यीशु में सोए हैं उन्हें परमेश्वर अपने संग ले जाएगा, इसके बारे में क्या है?

**डॉ. एड हाईन्डसन:** जी, मृत्यु में, आत्मा तुरन्त ही प्रभु के साथ होने के लिए चली जाती है, शरीर कब्र में होता है, और यहाँ पौलुस रैपचर के बारे में प्रतिज्ञा करता है कि रैपचर के समय आपकी आत्मा स्वर्ग में प्रभु यीशु के साथ वापस चली जाती है, और शरीर जी उठता है, याने ये जयजयकार है, तुरही का शब्द है, प्रधानदूतों की आवाज़ है, और मसीह में मरे जी उठेंगे, और उसकी वापसी पर अपनी आत्मा से फिर मिल जाते हैं, कुछ लोग कहेंगे कि अनन्तकाल में मुझे शरीर की क्या जरूरत है, क्योंकि यहाँ पौलुस प्रतिज्ञा करता है, यीशु के जी उठने के

बारे में, वो जी  उठा, सच में शारीरिक रूप में, इसलिए हम भी इसी तरह से, वास्तविक, शारीरिक रूप में जी उठेंगे/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** ठीक है और मार्क,  फिर वो महत्वपूर्ण वाक्य के साथ आता है, ये जानकारी उसने कहाँ से पाई है? इसलिए हम तुम से प्रभु के वचन से कहते हैं, अब इसका क्या अर्थ है?

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** पौलुस ने जानकारी सीधा प्रभु से पाई थी, पहला कुरिन्थियो अध्याय 15 में, रैपचर की सच्चाई को भेद कहा गया है, याने वो इन में कुछ प्रभु से खास प्रकाशन पाता है/ साथ ही यीशु ने इसे पृथ्वी पर रहते हुए सिखाया था/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** युहन्ना 14 में/

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** युहन्ना 14: वचन 1 से 3, जब वो कहता है, कि ये जानकारी प्रभु से मिली है, पौलुस ने ये जानकारी पाई, यीशु की शिक्षा से, लेकिन साथ ही, शायद उसे खास प्रकाशन दिया गया, सीधा प्रभु की ओर से, ये ऐसा नही जो पौलुस ने खुद बनाया है, उसने इसे सीधा प्रभु पाया था, ये हमारे लिए बहुमूल्य सच्चाई है/

**डॉ. रॉन रोडस:** मैं सोचता हूँ कि ये बहुत महत्वपूर्ण है जॉन क्योंकि, सच तो ये है कि आज बहुत से विश्वासी, कहते हैं कि ये मनुष्य के द्वारा बनाया सिद्धान्त है, लेकिन  ये वचन हमें बताता है कि ये सीधा प्रभु से आया था/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** ठीक है, याने उसने क्या कहा, याने ये तो बड़ा है, खुद प्रभु ने, यहाँ से बताइए/

**डॉ. एड हाईन्डसन:** खैर, क्योंकि प्रभु आप ही स्वर्ग से उतरेगा, याने मसीह  की वापसी है, और फिर भी वो बताता है कि वो बादलों पर आएगा, कि विश्वासियों को स्वर्ग में ले जाए, बादलों से पिता के घर में कि उससे मुलाक़ात करे, याने यहाँ मसीह की वापसी की प्रतिज्ञा है, और मरे हुए विश्वासियों के जी उठने की प्रतिज्ञा है, और जीनेवाले विश्वासियों के रैपचर की  प्रतिज्ञा है, इन सारी विचारधरा में, जी उठना, वापसी और रैपचर, ये सब एक साथ इस एक वचन के भाग में जोड़ दी गई है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** और मार्क, वो क्रम देता है, वो कहता है, सबसे पहले शब्द होगा, और वो बादलों पर आएगा, सच ये है कि मसीह में मरे पहले जी उठेंगे/

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** जी/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** ठीक है याने वो उठाए जाते हैं, और फिर हम, मुझे ये पसंद है, फिर से, पौलुस खुद को जोड़ता है, वो अपने जीवन काल में इसकी अपेक्षा कर रहा था/ हम भी उनके साथ जुडकर प्रभु से मिलने के लिए हवा में जाएंगे/

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** बिलुकल सही, जब भी प्रभु आएगा, ये बहुत सरल बात है, लेकिन लोग एक या दो दशा में होंगे, विश्वासी एक तो मरे होगे या जीवित होंगे/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी/

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** यदि वो मर गए तो उनकी देह जी उठेगी, अपने सिद्ध आत्मा के साथ फिर जुड़ेंगे, उनका शरीर अविनाशी और अमर होगा, ऐसा शरीर, लेकिन जो लोग पृथ्वी पर जीवित रहेंगे, जब प्रभु आएगा तो वो लोग तुरन्त बादलों पर उठाए जाएंगे, यहाँ हम रैपचर शब्द पाते हैं, पहला थिस्सलुनीकियों 4:17 में, हम उठाए जाएँगे, और बहुत से लोग कहते हैं कि रैपचर शब्द बाइबल में नही है, लेकिन इसके लिए ग्रीक शब्द है, हरपाजो, इसका अर्थ है, उठाया जाना या छीन लेना, या अचानक उठाया जाना, जो जीवित रहेंगे वो तुरन्त ही बदलाव में जाएंगे/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी/

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** और वो अविनाशी और अमर शरीर प्राप्त करेंगे, बस पल भर में ही/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, इसके बारे में और बताइए क्योंकि लोग कहेंगे, आप बाइबल में रैपचर का सिद्धान्त कहाँ पर पाते हैं? ये यहाँ पर है लेकिन ग्रीक शब्द हरपाजो में है, लेकिन जब लैटिन में बाइबल का अनुवाद हुआ तो क्या हुआ, रॉन?

**डॉ. रॉन रोडस:** जी, उन्होंने रैपटस शब्द का उपयोग किया, जो एक शब्द रेपेरे से आता है, और यही से हमें रैपचर शब्द मिलता है, इसका सच में अर्थ है उठाया जाना, छीन लेना, इसका सच में अर्थ है कि शक्ति से छीन लेना, और ये किसी तरह से नम्रता और धीरे से नही होगा, कि प्रभु के पास उठाए जाए, लेकिन ये प्रभु के द्वारा अपने लोगों को अपनी ओर हवा में शक्ति से खिंच लेना है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, अब ये बात कि मसीह में मरे हुए पहले जी उठेंगे, और फिर हम जो जीवित और बचे हुए हैं उठा लिए जाएगे, हवा में उठाए जाएँगे कि प्रभु से मिले बोस्टन में नही, लेकिन हवा में, इसके बैर में बताइए/

**डॉ. एड हाईन्डसन**: जी, मैं सोचता हूँ कि ये इस पुरे वचन के भाग में महत्वपूर्ण है, ये हवा में प्रभु के आने के बारे में है, बादलों पर, कि मसीह की दुल्हन कि उठाकर स्वर्ग ले जाए/ पिता के घर में, वो अब पृथ्वी पर नही आया है, वो पृथ्वी को नही छुएगा, वो हवा में उठाए जाएँगे, याने ये रैपचर का ये विचार, ये केवल इस वचन के लिए ही अजीब नही है, हनोक उठाया गया, एलियाह उठाया गया, पूरी बाइबल में रैपचर देखते हैं, प्रकाशितवाक्य की किताब में दो गवाह उठाए जाते हैं, ये केवल यही नही सिखाया गया, ये विचार पुरे वचन में सिखाया गया, कि प्रभु के पास मनुष्य की असली मंजिल के लिए योजना और उद्देश है/ वो केवल आपकी आत्मा के लिए ही नही आता है, लेकिन आपके शरीर के लिए भी आता है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** याने दो बातें हैं एड, एक तो, बाइबल पढनेवाले हर विश्वासी को ये मानना होगा कि रैपचर ऐसा है जो होनेवाला है, ठीक है? ये तो बाइबल में है, ठीक है? नंबर दो, जब हम मसीह के दूसरे आगमन के बारे में सारी भविष्यवाणी पढ़ते हैं, तो ऐसे दीखता है कि उसके वापस आने के दो पहलू हैं, वो क्या हैं?

**डॉ. एड हाईन्डसन:** जी, स्वर्ग में उठाया जाना और पृथ्वी पर वापस आना, जब हम स्वर्ग में उठाए जाएँगे तब क्या होगा, और जब हम उसके साथ पृथ्वी पर वापस आएँगे तो क्या होगा?

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, और जब हम जानकारी को देखते हैं, हम इस तरह कहते हैं कि इसके दो पहलू हैं, जो न्याय के कुछ निश्चित साल के द्वारा अलग किए गए हैं, याने उदाहरण के लिए/

हमें रैपचर के बारे में बताया गया, मसीह हवा में आएगा, और हम उससे मिलेंगे, दुसर आगमन में मसीह पृथ्वी पर आता है/

रैपचर में मसीह अपने संतों के लिए आएगा, और दूसरे आगमन में मसीह अपने संतों के साथ आएगा/

रैपचर में विश्वासी पृथ्वी से उठाए जाएंगे, दूसरे आगमन में अविश्वासी पृथ्वी से दूर किए जाएंगे/

रैपचर में मसीह अपनी दुल्हन का दावा करता है, दूसरे आगमन में मसीह अपनी दुल्हन के साथ आएगा/

रैपचर में कोई चिन्ह नही होगा, ये अटल घटना है, जो हम दूसरे वचनों से देखते हैं, दूसरे आगमन के समय, इसके बाद बहुत से चिन्ह होगे, जो हम मत्ती 24 में देखते हैं/

रैपचर एक पल में होगा, याने बस पलक झपकते ही, और केवल उसके उसे स्वीकार करेंगे, जब कि दूसरा आगमन पुरे संसार के सामने दिखेगा, और हर आँख उसे देखेगी/

रैपचर के बाद क्लेश शुरू होगा, और दूसरे आगमन के बाद मिलेनियम शुरू होगा/

अब ये तो केवल कुछ हैं, और आनेवाले प्रोग्राम में हम और भी बतानेवाले हैं, लेकिन ये केवल दो फर्क हमें बताते हैं कि मसीह के वापस आने के दो अलग पहलू होगे/

**डॉ. एड हाईन्डसन:** जी, ये एक घटना में होनेवाली बहुतसी बातें हैं/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, बिलकुल/

**डॉ. एड हाईन्डसन:** याने अवश्य ही ये दो होगे/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** ठीक है, इसके बावजूद विश्वासी लोग रैपचर कब होगा इसके अगल दृष्टिकोण रखते हैं, और ये क्या है, तो अब हम ब्रेक लंगे और वापस आने पर अलग दृष्टिकोण के बारे में चर्चा करेंगे, जो लोग इसके बारे में रखते हैं, दोस्तों आप इसे नही चूकना चाहेंगे तो बने रहिए/

*****

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** ठीक है, हम लौट आए हैं और चर्चा कर रहे हैं डॉ. एड हाइंडसन से, डॉ. हिचकॉक और डॉ. रॉन रोड्स से,रैपचर और दूसरे आगमन के बारे में, और रैपचर के बारे में चर्च में 4 दृष्टिकोण हैं, और हम इस पर चर्चा करना चाहते हैं, सबसे पहले कि क्या क्या रैपचर क्लेशकाल के पहले होगा, जिसे क्लेश्काल के पहले का दृष्टिकोण कहते हैं, ये क्या है?

**डॉ. एड हाईन्डसन**: इसका सही में अर्थ है कि यीशु रैपचर में आएगा, क्लेश और न्याय के समय के पहले, चर्च पिता के घर के लिए उठाया जाएगा, इसके पहले कि वो न्याय खोले जो प्रकाशितवाक्य की किताब में है, ये तो क्लेश के पहले के रैपचर में विश्वास करते हैं जो किसी भी पल हो सकता है, किसी भी समय, मेरे आने को देखते रहो, मेरे आने का इंतजार करो, स्वर्ग की और देखते रहो, यीशु किसी भी समय आ सकता है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, रॉन और दूसरा स्थर है कि लोग कहते हैं कि बाइबल में रैपचर है, लेकिन मैं सोचता हूँ कि ये अगल जगह पर है, क्लेश तो होगा है, लेकिन हम रैपचर को बिच में रखते हैं, ठीक है, इसे मिड ट्रिब्यूलेशन दृष्टिकोण कहते हैं, इस के बारे में आप क्या कहेंगे?

**डॉ. रॉन रोडस:** जी, क्लेशकाल 7 साल का है और आप इसे दानिएल 9:27 में देखते हैं, याने मिड ट्रिब्यू का दृष्टिकोण का अर्थ है कि रैपचर क्लेशकाल के साडे तीन साल बाद होगा, याने वो कहते हैं कि परमेश्वर का क्रोध दूसरे आधे भाग में आएगा, लेकिन सच्चाई ये है कि उसके पहले रैपचर होगा, अवश्य ही इसके साथ समस्या ये है कि वचन दिखाता है कि पूरा क्लेश्काल, परमेश्वर के क्रोध के कारण होगा, मैं उदाहरण के लिए प्रकाशितवाक्य 3:10 से कहता हूँ, ये कहता है कि परीक्षा के समय से, चर्च छुटकारा पाएगा, जो कि सच में क्लेश्काल का समय होगा/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** याने पूरा समय होगा/

**डॉ. रॉन रोडस:** पूरे समय से छुटकारा/ अब खासकर वो इस बात पर बहस करते है कि तुरही पहला कुरिन्थियो 15 में बताई गई है, वही तुरही प्रकाशितवाक्य 11:15 में है, और सातवी तुरही और आखरी तुरही और जब कि प्रकाशितवाक्य की सातवी तुरही क्लेशकाल के बिच में होती है, वो कहते हैं तो पहला कुरिन्थियो 15 के अनुसार रैपचर तो क्लेशकाल के बिच में होना चाहिए/

लेकिन इसमें समस्या ये है कि ये दोनों पूरी तरह से अलग बात हैं, जब आप प्रकाशितवाक्य की किताब देखते हैं, कि तुरही 7 कटोरे के न्याय को खोलता है, ये परमेश्वर के क्रोध को खोलता है, जब कि पहला कुरिन्थियो 15 में, तुरही का संबन्ध रैपचर से है, कि संत उठाए जाएंगे कि उपर हवा में प्रभु से मिले, यदि आप तुरही का अपना अध्यन जरी रखेंगे, जो मैं देखा है, कि तुरही का उपयोग बाइबल में बहुत अलग अलग तरह से किया गया है, याने ये तो क्लेशकाल में उठाया जाना होगा इसके लिए सही बहस नही होगी/

चलिए कहते हैं जॉन, यदि आप जानना चाहते हैं कि प्रभु भविष्य में कैसे भविष्यवाणी पुरी करेगा, तो देखिए कि प्रभु ने भूतकाल में कैसे भविष्यवाणी पूरी की थी, और उसने इसे सच में पूरा किया था, और यदि आप तुरही के बारे में सच में देखते हैं, परमेश्वर के क्रोध के बारे में, उस परीक्षा के समय तक जिसे चर्च छुड़ाया जाएगा, तो मिड ट्रिब नही होगा, लेकिन क्लेशकाल के पहले उठाया जाना ही रैपचर के लिए सही तरह से जचनेवाला होता है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** डॉ. मार्क हिचकॉक, एक और बात है जो करीबी है लेकिन समान नही है, जिसे क्रोध के पहले का दृष्टिकोण कहते हैं, इसमें और क्लेशकाल के बिच की बात में क्या फर्क है?

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** जी क्रोध से पहले का हालही की बात है, सामान्य रूप में ये रैपचर की दशा का एक तिहाई भाग है, जो विश्वास करते हैं कि रैपचर साडे पांच साल बाद होगा, इस सात साल के क्लेशकाल में, उन्होंने चर्च के रैपचर को 6 टी और 7 वी मुहर के न्याय के बिच में रखा है/ यहाँ प्रकाशितवाक्य अध्याय 6 में, याने वो सामान्य रूप में कहते हैं कि क्लेशकाल के पहले साडे 5 साल परमेश्वर का क्रोध नही है, ये मनुष्य का क्रोध है और शैतान का क्रोध है, और परमेश्वर का क्रोध उस आखरी चौथाई भाग में होगा, उस क्लेशकाल में हम रैपचर या उठाए जाएँगे, उस समय के पहले ही, मैं सोचता हूँ कि इस में कुछ समस्या हैं, वचन के हिसाब से, कि परमेश्वर का क्रोध तो क्लेशकाल के बिलकुल शुरू से ही आरंभ हो गया था, मुहर का न्याय/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** याने यीशु मुहर खोलता है/

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** जी, यीशु मेमना है वो मुहर खोलता है, और पहले 4 मुहर के न्याय खोल दिए गए हैं, जिसे अपोक्लिप्स के 4 घुड़सवार कहते हैं, और जब कि युद्ध और अकाल पड़ रहे थे, और ऐसा बहुत कुछ फिर भी वो ऐसे ही खोले जा रहे थे,स्वयं प्रभु के द्वारा, याने ये कहना कि क्रोध तो केवल अंत के लिए हैं ये तो प्रकाशितवाक्य 6 में हम जो देखते हैं उसके विरुद्ध में होगा/

एक और समस्या है पहला थिस्सलुनीकियों 5 में, ये हमें बताता है कि जब प्रभु का दिन आएगा, और मैं विश्वास करता हूँ कि ये क्लेशकाल के लिए समानार्थी शब्द है,लोग कहेंगे, शान्ति और कुशल, देखिए ये 6 टी और 7 वी मुहर के न्याय में अजीब दिखाई देता है, कि लोग उस समय शान्ति और कुशल कहे, वो पहले ही इन 5 मुहर में से गए हैं, केवल चौथी मुहर में ही पृथ्वी के एक चौथाई मर जाते हैं, याने ये तो अजीब होगा कि उस समय लोग शान्ति और कुशल कहे, ये वचन के दो भाग मैं सोचता हूँ कि रैपचर के पहले क्रोध के दृष्टिकोण की बातो से निपट लेते हैं/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, एड एक और बात है और वो है क्लेशकाल के बाद का दृष्टिकोण, हमें बताइए ये क्या है?

**डॉ. एड हाईन्डसन**: जी, इस दृष्टिकोण में रैपचर बाद में होता है, कलेशकाल के बाद, याने क्लेशकाल के आने का दृष्टिकोण ये है कि ये 7 साल का होगा, लेकिन रैपचर जो आनेवाला है यदि हम रैपचर को कलेशकाल के अंत में रखते हैं, जैसे हम कहते हैं कि चर्च ने हमेशा सताव सहा है, तो हम क्यों सोचते हैं कि न्याय के समय में हम सताव से बच जाएंगे, लेकिन यहाँ बड़ा फर्क है सताव् में और परमेश्वर के क्रोध में, परमेश्वर का क्रोध प्रकाशितवाक्य के बिच में उंडेला जाता है, और आप सच में कह रहे हैं, कि मसीह कि दुल्हन मसीह के क्रोध को सहेगी, वो मुहर खोलेगा और परमेश्वर अपना क्रोध न्याय के कटोरे के साथ उन्डेलेगा, और किसी तरह से दुल्हन अंत तक बची रहेगी, याने दुल्हन को मारते हुए उसे अनन्तकाल के लिए तैयार करे, ये प्रोटेस्टेंट परगएटरी जैसे होगा/

मैं सोचता हूँ कि ये स्पष्ट है कि यीशु ने क्रूस पर हमारे लिए उस क्रोध को उठा लिया, जब वो हमारी जगह मरा, क्रूस पर हमारा दण्ड उस पर आया, हम क्रोध के लायक हैं, लेकिन हम क्रोध नही पाएगे, क्योंकि यीशु ने हमारे लिए परमेश्वर के क्रोध को उठा लिया/

**डॉ. रॉन रोडस:** जानते हैं, एड इसके साथ मिलनेवाला वचन है पहला थिस्सलुनीकियों 4:18, जो कहता है कि इस बातों से एक दूसरे को प्रोत्साहित करो, क्लेशकाल का दृष्टिकोण इससे नही मिलता है, कि चर्च क्लेशकाल में से होकर जाए, और मुहर के न्याय से, और तुरही के और कटोरे के न्याय से, और फिर हरमगिदोन से, इसलिए एक दूसरे को इन बातों से प्रोत्साहित करो/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, मतलब, मैं सोचता हूँ कि ये क्लेशकाल के बिच के समय में हो, तो कुछ विद्वान कहते हैं कि उन विपत्तियों में करोड़ों लोग तो मर गए होगे, याने शान्ति और सुरक्षा उस जगह पर नही थी, और हम बाइबल के दूसरे वचनों के बारे में चर्चा करेंगे, जो सच में इसके बारे में कहते हैं और बताते हैं कि यीशु हमें उन सबसे बचाकर रखेगा, वो हमें बचा लेगा, उन सब से/

ठीक है, आज हमने इसके बारे में चर्चा की है, रैपचर के बारे में ये विषय इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

**डॉ. एड हाईन्डसन**: क्योंकि ये एक विषय है जो विश्वासियों को आशा और तसल्ली देता है, हम तीनों ने इसके बारे में अध्यन किया, खोज की और डिबेट किए, चर्चा की, और हं बातों पर लगभग 40 साल से भी ज्यादा समय तक लड़ते लाए हैं, हम सहमत हैं कि बाइबल यही सिखाती है, जब पौलुस कहता है कि इसलिए इन बातों से एक दूसरे को प्रोत्साहित करते रहो, याने ये तो विश्वासियों के लिए तस्सली और प्रोत्साहन के शब्द होने चाहिए, क्योंकि वो विश्वास करते हैं कि यीशु किसी भी समय आ सकता है/

मैं एक चर्च में था और मेरे दोस्त क्लेशकाल के पहले रैपचर पर विश्वास नही करते थे, तो वो पूरा संदेश प्रचार करके कहते देखिए कि कभी कोई रैपचर नही होगा, जो वो जानते हैं कि ये सच नही है, उन्हें बस ये कहना होगा, कि ये अलग समय में होगा, और अंत में उन्होंने कहा कि हम और किसी की नही लेकिन परेशानी और बहुत परेशानी की राह देख सकते हैं, और उनके चर्च के लोग जोर से शोक करते रहे, मुझे ऐसे लगा कि मैं पीछे खड़े होकर चिल्लाऊ, इसलिए इन बातों से एक दूसरे को प्रोत्साहित करते रहो, लेकिन मैंने ऐसे नही किया/

लेकिन उन्हें बाद में पकड़ कर कहा कि क्या जानते हो कि रैपचर होना ही होगा, लेकिन मैं आपकी बात से सहमत नही, मुझे कहना होगा, मेरा दृष्टिकोण तो प्रोत्साहित करना और तस्सली देना है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** और क्या मार्क?

**डॉ. मार्क हीचकॉक:** जी, रैपचर हमें प्रोत्साहित करता है, हमें बल देता है, रैपचर के बारे में कहते हुए पहला कुरिन्थियो में प्रेरित पौलुस कहता है, इसलिए तुम स्थिर रहो और प्रभु के काम में लगे रहो, ये जानते हुए कि तुम्हारा काम व्यर्थ नही है, ये प्रोत४ करनेवाली आशा है जो हमें जोश देती है, कि प्रभु के लिए काम करते हुए जिए, ये शुद्ध करनेवाली आशा भी है, पहला युहन्ना अध्याय 3 में प्रभु हम से कहता है कि जो भी उस पर आशा रखता है, वो खुद को शुद्ध करता है, जैसे वो खुद शुद्ध है, हम अपना जीवन कैसे भी जी नही सकते क्योंकि यीशु किसी भी पल आएगा/ कि हम ऐसे जीवन जिए जो पाप से भरा है और प्रभु के विरुद्ध है, ये दोनों नही हो सकते, ये आशा हमें शुद्ध करती है, ये हमें प्रभु के लिए ऊँचे और अच्छे जीवन के लिए बुलाती है, जब लोग कहते हैं कि रैपचर का ये सिद्धान्त मानो आसमान की कोई बात है, ये ऐसा भविष्य है जो प्रतिदिन के जीवन से नही मिलता है, बाइबल में लगभग हर जगह पर प्रभु के आने के वाक्य हैं, उसके साथ व्यवहारिक बातें हैं कि अब हमें कैसे जीना चाहिए/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, मैं याकूब के बारे में सोच रहा था कि उसने कहा कि कुडकुडाना भी नही क्योंकि न्यायी द्वार पर खड़ा है, वो आने के लिए तैयार है, रॉन और क्या?

**डॉ. रॉन रोडस:** प्रेरित पौलुस कहता है कि वो नही चाहता है कि थिस्सलुनीकियों के लोग मसीह में सोए हुओं के बारे में अनजान रहे, रैपचर के बारे में अनजान रहना अच्छा नही है/ और अनजान नही रहने का तरीका है कि प्रभु के वचन को समझ ले, और प्रभु का वचन समझने का तरीका है, कि वचन को ऐसे ले जैसे उन्हें लेने के लिए बनाया गया है, थोड़ी पहुच के साथ, जैसे हम ने पहले आगमन की भविष्यवाणी का सही अर्थ लगाया, वैसे ही उसी तरह से रैपचर और दुसरे वचनों का भी इसी तरह से अर्थ जानते जाए/

लेकिन मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि हम फिर से मिलेंगे, मेरी माँ के मरते समय मैं उनके साथ था, मैं उनका हाथ थामे था और वो अनन्तकाल में चली गई, लेकिन मैं जानता था कि मुझे उन्हें गले लगाने का ये आखरी मौका नही है, मैं जानता था कि मैं अब उनकी आवाज़ आखरी बार नही सुन रहा हूँ, मैं जानता था कि

उनके साथ रहने का ये मेरा आखरी समय नही है/ फिर मिलना आ रहा है, और मैं कहता हूँ ये मुझे आत्मिक हवा देता है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** जी, आज हमने पहला थिस्सलुनीकियों से जो वचन देखा है, ये सच है कि यीशु सब विश्वासीयों को उठा लेता है, अविश्वासी छोड़ दिए जाते हैं, जो लोग कहते हैं कि मैं यीशु पर विश्वास नही करता, और छोड़ा जाना नही चाहता, मैं क्लेश से जाना नही चाहता, तो कैसे निश्चित कर सकते हैं कि हम जा रहे हैं एड?

**डॉ. एड हाईन्डसन:** हमें निश्चित जानना होगा कि यीशु मसीह हमारे पापों के लिए मरा, और वो मुर्दों में से जी उठा, और वो वापस आ रहा है, और इसे अपने मन और दिल के भरोसे के साथ जानना होगा, ये नही कहना कि मुझे आशा है कि मैं कर पाऊंगा, उद्धार आशा की कोई बात नही है, वचन कहता है कि ये लिखा गया है कि तुम जान लो, तुम्हारे पास अनन्तजीवन है/ ये जानने की शाश्वती है, कि यीशु मेरी जगह पर मरा, मेरे पापों के लिया अपना लहू बहाया, मेरे बदले में मुद्रों में से जी उठा, मैं अपने अनन्त मंजिल पर भरोसा रखता हूँ,जो उसने म्रेरे लिए क्रूस पर किया है, उस तरह की शाश्वती, मुझे भरोसा देती है कि मैं मसीह के आने की राह देख सकता हूँ, बाइबल की भविष्यवाणी हमें डराने के लिए नही लिखी हैं, बाइबल की भविष्यवाणी हमें तैयार करने के लिए लिखी हैं/ मसीह के पास आए जब कि आशा है, जब कि समय है/

**डॉ. जॉन एन्करबर्ग:** ये अद्भुत शब्द हैं दोस्तों, और मैं कहता हूँ कि अगले हफ्ते हम आगे देखेंगे, हम वचन के इन भागों को देखते जाएंगे, हम देखेंगे कि बाइबल क्या कहती है, ये लोग स्पष्ट बताएंगे, हम दूसरा सबसे बड़ा वचन देखेंगे, रैपचर के बारे में, आशा है कि आप जुड़ जाएंगे/

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्‌ द्यद्द ठ्ठड़ड़ड्ढद्रद्य ख्ड्ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ड्ढद्मण्दृध्र्‌.दृद्धढ़

@JAshow.org

क्दृद्रन्र्द्धत्ढ़ण्द्य 2016 ॠच्र्ङक्ष्